

Current Affairs
Weekly Revision
(4 to 9 November 2024)

Q. 1: हाल ही में भारत ने किस देश के साथ मिलकर वर्ष 2026 को संस्कृति, पर्यटन और एआई वर्ष के रूप में घोषित किया? Recently, with which country did India declare the year 2026 as the Year of Culture, Tourism and AI?

a. फ्रांस **b. जापान**
c. स्पेन **d. जर्मनी**

Answer: c. स्पेन

हाल ही में स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज (Pedro Sanchez, Spain) की भारत यात्रा के दौरान, दोनों देशों ने वर्ष 2026 को 'भारत-स्पेन संस्कृति, पर्यटन और एआई का वर्ष' (India-Spain Year of Culture, Tourism and AI) के रूप में मनाने की घोषणा की है

Q. 2: हाल ही में भारत में स्पेन का वाणिज्य दूतावास कहाँ स्थापित किया जाएगा? Recently, where will the Consulate of Spain be established in India?

a. मुंबई **b. नई दिल्ली**
c. बेंगलुरू **d. चेन्नई**

Answer: c. बेंगलुरू

हाल ही में स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज (Prime Minister Pedro Sanchez, Spain) की भारत यात्रा के दौरान, बेंगलुरू में स्पेन के वाणिज्य दूतावास (Spanish Consulate) की स्थापना की घोषणा की गयी है

अगस्त 2024 में बार्सिलोना (Barcelona) में भारतीय वाणिज्य दूतावास (Indian Consulate) भी संचालित हो गया है।

Q. 3: हाल ही में किसी भी समय, किसी भी स्थान से अपने राज्य की आधिकारिक भाषा में जन्म और मृत्यु पंजीकरण की सुविधा के लिए किस मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ किया गया? Recently, which mobile application was launched to facilitate birth and death registration in the official language of your state at any time, from any place?

a. ई-गवर्नेंस सिस्टम
b. आधार सेवा एप्लीकेशन
c. जनसुविधा ऐप
d. Civil Registration System (CRS)

Answer: d. Civil Registration System (CRS)

29 अक्टूबर को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह (Union Home Minister and Minister of Cooperation Amit Shah) ने नई दिल्ली में Civil Registration System (CRS) मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ किया

इस एप्लीकेशन से नागरिक किसी भी समय, किसी भी स्थान से अपने राज्य की आधिकारिक भाषा (State's official language) में जन्म और मृत्यु पंजीकरण (births and deaths registration) कर सकेंगे यह जन्म और मृत्यु के पंजीकरण को सहज और परेशानी मुक्त बना देगा

Q. 4: हाल ही में मैथ्यू वेड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, उनका सम्बन्ध किस देश से है? Recently, Matthew Wade announced his retirement from international cricket, he is related to which country?

a. इंग्लैंड
b. नीदरलैंड
c. ऑस्ट्रेलिया
d. दक्षिण अफ्रीका

Answer: c. ऑस्ट्रेलिया

हाल ही में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम (Australia cricket team) के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड (Wicketkeeper-Batsman Matthew Wade) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट (International cricket) से संन्यास की घोषणा की है।

मैथ्यू वेड ने 2011 में ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू किया था

Q. 5: हाल ही में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) का चेयरमैन किसे नियुक्त किया गया? Recently, who was appointed as the Chairman of Airports Authority of India (AAI)?

a. अजय सिंह
b. विपिन कुमार
c. सुमित कुमार
d. राजेश नायर

Answer: b. विपिन कुमार

हाल ही में IAS अधिकारी विपिन कुमार को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (Airports Authority of India - AAI) का चेयरमैन नियुक्त किया गया



AAI एक मिनी रत्न कंपनी है जो कुल 137 हवाई अड्डों का प्रबंधन (management) करती है।

Q. 6: हाल ही में लद्दाख का 6वाँ स्थापना दिवस कब मनाया गया है? When was the 6th Foundation Day of Ladakh celebrated recently?

a. 29 अक्टूबर

b. 30 अक्टूबर

c. 31 अक्टूबर

d. 1 नवंबर

Answer: c. 31 अक्टूबर

हाल ही में 31 अक्टूबर को लद्दाख (Ladakh) का 6वाँ स्थापना दिवस (sixth Foundation Day) मनाया गया है

वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 (Article 370) के निरस्त होने और पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य के विभाजन के बाद लद्दाख एक केंद्र शासित प्रदेश (Union Territory) बन गया था।

Q. 7: हाल ही में राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का आयोजन कहाँ किया गया? Recently, where was the National Unity Day Parade organized?

a. महाराष्ट्र

b. गुजरात

c. उत्तर प्रदेश

d. मध्य प्रदेश

Answer: b. गुजरात

हाल ही में 31 अक्टूबर 2024 को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर केवड़िया, गुजरात में राष्ट्रीय एकता दिवस परेड (National Unity Day Parade) का आयोजन किया गया

एकता परेड में 9 राज्यों और 1 केंद्रशासित प्रदेश की पुलिस, 4 केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (Central Armed Police Forces), NCC और एक मार्चिंग बैंड (marching band) की 16 मार्चिंग टुकड़ियों ने भाग लिया

31 अक्टूबर 2018 को PM मोदी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (Statue of Unity) का उद्घाटन किया था।

Q. 8: अल्जीरियाई क्रांति की 70वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किसे चुना गया है? Who has been chosen as the chief guest in the program of the 70th anniversary of the Algerian Revolution?

a. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

b. सीडीएस अनिल चौहान

c. जनरल बिपिन चंद्र

d. जनरल आर.के. सैनी

Answer: b. सीडीएस अनिल चौहान

हाल ही में 31 अक्टूबर को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (Chief of Defence Staff - CDS) जनरल अनिल चौहान अल्जीरिया (Algeria) की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर गए हुए हैं

इसी दौरान CDS जनरल अनिल चौहान 1 नवंबर को होने वाली अल्जीरियाई क्रांति (Algerian Revolution) की 70वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए

Q. 9: हाल ही में ICC भ्रष्टाचार निरोधक इकाई का नया अध्यक्ष किसे चुना गया है? Recently, who has been elected as the new chairman of the ICC Anti-Corruption Unit?

a. जॉन स्मिथ

b. सुमति धर्मवर्धने

c. पीटर ओ'नील

d. माइकल हेंडरसन

Answer: b. सुमति धर्मवर्धने

हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (International Cricket Council - ICC) ने श्रीलंका के कानून विशेषज्ञ सुमति धर्मवर्धने को अपनी भ्रष्टाचार रोधी इकाई (Anti-Corruption Unit - ACU) का नया स्वतंत्र अध्यक्ष नियुक्त किया।

Q. 10: हाल ही में सरकार ने DAY-NRLM के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने के लिए किस योजना की शुरुआत की है? Recently, the government has launched which scheme to provide drones to women self-help groups under DAY-NRLM?

a. उड़ान योजना

b. शक्ति ड्रोन योजना

c. नमो ड्रोन दीदी

d. महिला ड्रोन मिशन

Answer: c. नमो ड्रोन दीदी

हाल ही में सरकार ने DAY-NRLM के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों (Self Help Groups - SHGs) को ड्रोन (Drones) उपलब्ध कराने के लिए 1261 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 'नमो ड्रोन दीदी' (Namo Drone Didi) योजना को मंजूरी दी है

लक्ष्य: 2024-26 की अवधि के दौरान 14,500 चयनित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ड्रोन उपलब्ध



कराना जो किराये पर किसानों को कृषि के लिए ड्रोन सेवाएं प्रदान करेंगी।

Q. 11: हाल ही में ISRO ने भारत का पहला एनालॉग अंतरिक्ष मिशन कहाँ शुरू किया है? Recently, where has ISRO launched India's first analogue space mission?

a. श्रीहरिकोटा
b. बेंगलुरु
c. चेन्नई
d. लेह

Answer: d. लेह

हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने भारत का पहला एनालॉग अंतरिक्ष मिशन (Analog Space Mission) लेह, लद्दाख (Leh, Ladakh) में शुरू किया है

Q. 12: हाल ही में दीपम योजना के दूसरे चरण की शुरुआत कहाँ की गई है? Recently, where has the second phase of the Deepam scheme been launched?

a. तमिलनाडु
b. कर्नाटक
c. आंध्र प्रदेश
d. तेलंगाना

Answer: c. आंध्र प्रदेश

हाल ही में, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने श्रीकाकुलम जिले में मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर वितरण योजना 'दीपम-2' का शुभारंभ किया

इसके तहत लाभार्थियों को प्रति वर्ष तीन निःशुल्क (Free) गैस सिलेंडर मिलेंगे, जो चार महीने के अंतराल पर प्रदान किए जाएंगे

उद्देश्य - महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें खाना पकाने के लिए स्वच्छ ऊर्जा (Clean Energy) तक पहुंच प्रदान करना

Q. 13: हाल ही में चर्चा में रहे "बेल्ट एंड रोड पहल" का सम्बन्ध किससे है? The "Belt and Road Initiative" that was in the news recently is related to what?

a. जापान
b. भारत
c. रूस
d. चीन

Answer: d. चीन

हाल ही में ब्राजील (Brazil) ने चीन की अरबों डॉलर की बेल्ट एंड रोड पहल (Belt and Road Initiative - BRI) योजना में शामिल होने से इंकार किया है।

इस परियोजना का समर्थन न करने वाला वह ब्रिक्स समूह में भारत के बाद दूसरा देश बन गया है

Q. 14: हाल ही में भारतीय तटरक्षक बल ने किस स्वदेशी गश्ती पोत का जलावतरण किया? Recently, which indigenous patrol vessel was launched by the Indian Coast Guard?

a. अक्षर
b. अदम्य
c. निर्भय
d. a और b दोनों

Answer: d. a और b दोनों

28 अक्टूबर, 2024 को भारतीय तटरक्षक बल (Indian Coast Guard) ने गोवा में दो स्वदेशी गश्ती पोत (Fast Patrol Vessels - FPV) 'अदम्य' और 'अक्षर' (Adamya and Akshar) का एक साथ जलावतरण किया

पहली बार अत्याधुनिक शिप लिफ्ट सिस्टम (Ship Lift System) का उपयोग करते हुए एक साथ दो जहाजों का जलावतरण किया गया।

Q. 15: हाल ही में श्री श्री रविशंकर को किस देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है? Recently, Sri Sri Ravishankar has been awarded the highest civilian award of which country?

a. भारत **b. फिजी**
c. अमेरिका **d. ऑस्ट्रेलिया**

Answer: b. फिजी

हाल ही में आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर को फिजी गणराज्य (Republic of Fiji) ने 'ऑनरेरी ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' (Honorary Officer of the Order of Fiji) की उपाधि दी।

उन्हें यह पुरस्कार मानव आत्मा के उत्थान और विभिन्न समुदायों में शांति और सद्भाव स्थापित करने में उनके योगदान के लिए दिया गया है

Q. 16: हाल ही में चर्चा में रहा "पक्के बाघ अभयारण्य" कहाँ स्थित है? Where is the "Pakke Tiger Reserve" located, which was in the news recently?

a. असम **b. मेघालय**
c. अरुणाचल प्रदेश **d. मणिपुर**



Answer: c. अरुणाचल प्रदेश

हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में पक्के बाघ अभयारण्य (Pakke Tiger Reserve) में बटरफ्लाई पार्क (Butterfly Park) का उद्घाटन किया गया

उद्देश्य: जैव विविधता संरक्षण (Biodiversity conservation) प्रयासों को बढ़ाना और क्षेत्र तथा पूरे राज्य में इको-टूरिज्म (Eco-tourism) को प्रोत्साहित करना

इसी दौरान पक्के बाघ अभयारण्य की एक नई वेबसाइट का भी शुभारंभ किया गया

यह वेबसाइट पार्क में संरक्षण, पर्यटन और जैव विविधता के बारे में आवश्यक जानकारी देगी

Q. 17: भारत और अमेरिकी स्पेशल फोर्सेज के संयुक्त सैन्य अभ्यास 'वज्र प्रहार- 2024' का आयोजन कहाँ किया जा रहा है? Where is the joint military exercise 'Vajra Prahar-2024' of India and US Special Forces being organized?

a. भारत

b. जापान

c. अमेरिका

d. ऑस्ट्रेलिया

Answer: c. अमेरिका

भारत और अमेरिकी स्पेशल फोर्सेज के संयुक्त सैन्य अभ्यास (India- US joint Special Forces Exercise) 'वज्र प्रहार' (Vajra Prahar) के 15वें संस्करण का आयोजन ऑर्चर्ड कॉम्बैट ट्रेनिंग सेंटर, इडाहो, अमेरिका (Orchard Combat Training Centre in Idaho, USA) में किया जा रहा है

इसे पहले अभ्यास 'युद्ध अभ्यास 2024' (Yuddh Abhyas 2024) सितंबर 2024 में राजस्थान में आयोजित किया गया था।

Q. 18: संयुक्त विशेष बल अभ्यास, गरुड़ शक्ति 24 के 9वें संस्करण का आयोजन कहाँ किया जा रहा है? Where is the 9th edition of the Joint Special Forces Exercise, Garuda Shakti 24 being held?

a. बाली

b. जकार्ता

c. सिंगापुर

d. काठमांडू

Answer: b. जकार्ता

भारत-इंडोनेशिया संयुक्त विशेष बल अभ्यास गरुड़ शक्ति 24 (Garud Shakti 24) के 9 वें संस्करण का आयोजन जकार्ता, इंडोनेशिया (Jakarta, Indonesia) में किया जा रहा है

उद्देश्य: द्विपक्षीय सैन्य सहयोग विकसित करना और सामरिक सैन्य अभ्यासों (tactical military drills) और चर्चाओं के माध्यम से दोनों सेनाओं के बीच संबंधों को मजबूत करना

Q. 19: हाल ही में अंतरराष्ट्रीय पुष्कर पशु मेले 2024 का आयोजन कहाँ किया जा रहा है? Recently, where is the International Pushkar Cattle Fair 2024 being organized?

a. उत्तर प्रदेश

b. गुजरात

c. राजस्थान

d. महाराष्ट्र

Answer: c. राजस्थान

हाल ही में अंतरराष्ट्रीय पुष्कर पशु मेले 2024 की शुरुआत पुष्कर, अजमेर (राजस्थान) में की गई है

इसका आयोजन 2 नवंबर से 17 नवंबर तक किया जायेगा

Q. 20: हाल ही में पैराग्लाइडिंग विश्व कप 2024 का आयोजन कहाँ किया जा रहा है? Recently, where is the Paragliding World Cup 2024 being organized?

a. उत्तराखंड

b. हिमाचल प्रदेश

c. सिक्किम

d. जम्मू-कश्मीर

Answer: b. हिमाचल प्रदेश

हाल ही में पैराग्लाइडिंग विश्व कप 2024 (Paragliding World Cup 2024) का आयोजन 2 से 9 नवंबर तक बीड़-बिलिंग घाटी, कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश (Bir-Billing Valley, Kangra, Himachal Pradesh) में किया जा रहा है

इससे पहले 2015 में बीड़-बिलिंग घाटी में पैराग्लाइडिंग विश्व कप का आयोजन किया था

Q. 21: हाल ही में दिवंगत हुए बिबेक देबरॉय किस क्षेत्र से सम्बंधित थे? Recently deceased Bibek Debroy was related to which field?

a. समाजशास्त्री

b. अर्थशास्त्री

c. इतिहासकार

d. वैज्ञानिक

Answer: b. अर्थशास्त्री



हाल ही में अर्थशास्त्री (economist) और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय (Bibek Debroy) का निधन हो गया है।

वह 2015 से 2019 तक सरकार के थिंक टैक (Think Tank) नीति आयोग (NITI Aayog) के सदस्य भी रह चुके हैं

उन्हें 2015 में पद्म श्री (Padma Shri) से सम्मानित किया गया।

Q. 22: टेस्ट मैच में भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक किस खिलाड़ी ने लगाया है? Which player has scored the fastest half-century for India in a Test match?

a. विराट कोहली

b. रोहित शर्मा

c. ऋषभ पंत

d. चेतेश्वर पुजारा

Answer: c. ऋषभ पंत

श्रीलंका के खिलाफ 28 गेंद में (2022 में)

हाल ही में ऋषभ पंत ने वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक (Half century) भी लगाया

उन्होंने 36 गेंदों में 50 रन पूरे किए

Q. 23: हाल ही में दिवंगत हुए रोहित बल का सम्बन्ध किस से है? Recently deceased Rohit Bal is related to whom?

a. अभिनेता

b. फैशन डिजाइनर

c. गायक

d. वैज्ञानिक

Answer: b. फैशन डिजाइनर

हाल ही में भारत के प्रसिध्द फैशन डिजाइनर रोहित बल का निधन हो गया है।

वह फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (Fashion Design Council of India - FDCI) के संस्थापक (founder) सदस्य थे।

Q. 24: हाल ही में पहले एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन का आयोजन कहाँ किया जाएगा? Recently, where will the first Asian Buddhist Summit be organized?

a. बोधगया

b. धर्मशाला

c. नई दिल्ली

d. वाराणसी

Answer: c. नई दिल्ली

5-6 नवंबर, 2024 तक नई दिल्ली में पहले एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन (Asian Buddhist Summit) का आयोजन किया जा रहा है

इसका आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय (Ministry of Culture) और अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (International Buddhist Confederation - IBC) के सहयोग से किया जाएगा

Q. 25: हाल ही में निंगोल चकौबा त्यौहार कहाँ मनाया गया? Recently, where was the Ningol Chakouba festival celebrated?

a. असम

b. मिजोरम

c. मणिपुर

d. नागालैंड

Answer: c. मणिपुर

हाल ही में निंगोल चकौबा त्यौहार (Ningol Chakouba Festival) मणिपुर में मनाया गया

यह मैतेई समुदाय (Meitei community) का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है

'निंगोल चकौबा' का अर्थ - महिलाओं को पैतृक घर में भव्य भोज के लिए आमंत्रित करना

Q. 26: हाल ही में, विश्व सुनामी जागरूकता दिवस 2024 कब मनाया गया? When was World Tsunami Awareness Day 2024 celebrated recently?

a. 1 नवंबर

b. 5 नवंबर

c. 10 नवंबर

d. 15 नवंबर

Answer: b. 5 नवंबर

प्रतिवर्ष 5 नवंबर को विश्व सुनामी जागरूकता दिवस (World Tsunami Awareness Day) के रूप में मनाया जाता है

विश्व सुनामी जागरूकता दिवस 2024 थीम: लचीले भविष्य के लिए असमानता से लड़ना (Fighting Inequality for a Resilient Future)

उद्देश्य: सुनामी के खतरों और प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना

Q. 27: हाल ही में मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2024 का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय कौन बनी हैं? Recently, who has become the first Indian to



win the title of Miss Grand International 2024?
a. सुमन रॉय
b. रेचल गुप्ता
c. निकिता पोरवाल
d. पूजा सिंह
Answer: b. रेचल गुप्ता
हाल ही में पंजाब की रेचल गुप्ता (Rachel Gupta) मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2024 (Miss Grand International 2024) का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं
सुपर टैलेंट ऑफ द वर्ल्ड - रेचल गुप्ता और वेरोनिका नोवाक (पोलैंड)
Super Talent of the World – Rachel Gupta and Veronika Nowak (Poland)
वह इस पेजेंट को जीतने वाली तीसरी एशियाई महिला (Third Asian Woman) बनी हैं
मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2024 का आयोजन स्थल - बैंकाक, थाईलैंड (Bangkok, Thailand) में

Q. 28: हाल ही में भारत ने किस देश के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए? Recently, with which country did India sign MoU on bilateral defense cooperation?
a. फ्रांस
b. जापान
c. अल्जीरिया
d. रूस
Answer: c. अल्जीरिया
हाल ही में भारत ने अल्जीरिया (Algeria) के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग (Bilateral Defense Cooperation) पर समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए
यह चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान (Chief of Defence Staff) की अल्जीरिया की आधिकारिक यात्रा के दौरान किया गया
राजधानी - अल्जीयर्स

Q. 29: हाल ही में विश्व टेबल टेनिस फीडर काराकास टूर्नामेंट 2024 में पुरुष एकल खिताब किसने जीता? Recently, who won the men's singles title in the World Table Tennis Feeder Caracas Tournament 2024?
a. शरत कमल
b. हरमीत देसाई
c. साथियान गणनाशेखरन
d. मानव ठक्कर
Answer: b. हरमीत देसाई
विश्व टेबल टेनिस फीडर काराकास टूर्नामेंट 2024 का आयोजन - वेनेज़ुएला (Venezuela) में

Q. 30: हाल ही में विश्व जेलीफिश दिवस 2024 कब मनाया गया? Recently, when was World Jellyfish Day 2024 celebrated?
a. 1 नवंबर
b. 2 नवंबर
c. 3 नवंबर
d. 4 नवंबर
Answer: c. 3 नवंबर
उद्देश्य: जेलीफ़िश और उनके पारिस्थितिक महत्व (ecological importance) के बारे में जागरूकता बढ़ाना

Q. 31: हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय की पुस्तक "राष्ट्र के लिए न्याय" का विमोचन किसने किया? Recently, who released the book “Justice for the Nation” of the Supreme Court?
a. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
b. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु
c. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़
d. मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़
Answer: b. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु
हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु (President Droupadi Murmu) ने राष्ट्रपति भवन में भारत के सर्वोच्च न्यायालय (Supreme Court of India) की तीन पुस्तकों का विमोचन किया
(i) राष्ट्र के लिए न्याय (Justice for the Nation): भारत के सर्वोच्च न्यायालय के 75 वर्षों पर कुछ विचार
(ii) भारत में जेल (Prisons in India): जेल मैनुअल का मानचित्रण और सुधार एवं भीड़ कम करने के उपाय
(iii) विधि विद्यालयों के माध्यम से कानूनी सहायता (Legal Aid Through Law Schools): भारत में कानूनी सहायता प्रकोष्ठों (Legal Aid Cells) के कामकाज पर एक रिपोर्ट।
राष्ट्र के लिए न्याय नामक पुस्तक में सर्वोच्च न्यायालय की 75 वर्षों की यात्रा के मुख्य बिंदुओं को दर्शाया गया है।

Q. 32: हाल ही में भारतीय वायुसेना ने SU-30MKI अपग्रेड करने के लिए किसके सहयोग से पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है? Recently, the Indian Air



Force has started a pilot project in collaboration with whom to upgrade SU-30MKI?
a. IIT दिल्ली
b. IIT मुंबई
c. IIT कानपुर
d. IIT मद्रास
Answer: b. IIT मुंबई

Q. 33: हाल ही में भारत के पहले 'सूचना के अधिकार संग्रहालय' की आधारशिला कहाँ रखी गई? Recently, where was the foundation stone of India's first 'Right to Information Museum' laid?
a. महाराष्ट्र
b. राजस्थान
c. दिल्ली
d. उत्तर प्रदेश
Answer: b. राजस्थान
ब्यावर, राजस्थान (Beawar, Rajasthan) में
राज्यपाल - हरिभाऊ किशनराव बागड़े
मुख्यमंत्री - भजन लाल शर्मा

Q. 34: हाल ही में कोलिन्स डिक्शनरी ने किसे वर्ड ऑफ द ईयर 2024 घोषित किया है? Recently, which word has been declared as the Word of the Year 2024 by Collins Dictionary?
a. AI
b. Brat
c. Happiness
d. Climate
Answer: b. Brat
हाल ही में कोलिन्स डिक्शनरी (Collins Dictionary) ने गायिका चार्ली XCX के एल्बम शीर्षक से प्रेरित होकर Brat (ब्रैट) को वर्ड ऑफ द ईयर 2024 घोषित किया है।

Brat को "आत्मविश्वासपूर्ण, स्वतंत्र और सुखवादी दृष्टिकोण" (Confident, independent and hedonistic attitude) के प्रतीक के रूप में वर्णित किया है

Q. 35: 34वें गोथम पुरस्कार समारोह में 'कलाकार सम्मान' से किसे सम्मानित किया जाएगा? Who will be honored with the 'Performer Tribute' at the 34th Gotham Awards ceremony?
a. जेसिका चैस्टेन
b. एंजेलिना जोली
c. केट विंसलेट
d. स्कारलेट जोहानसन
Answer: b. एंजेलिना जोली
उन्हें फिल्म निर्माता पाब्लो लारैन (Filmmaker Pablo Larrain) की फिल्म 'मारिया' (Maria) में उनकी भूमिका के लिए सम्मानित किया जाएगा।

Q. 36: हाल ही में FIDE रेटिंग हासिल करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी कौन बने हैं? Recently, who has become the youngest player in the world to achieve FIDE rating?
a. अरव चटर्जी
b. अनीश सरकार
c. तेजस तिवारी
d. अहिलान बैश्य
Answer: b. अनीश सरकार
हाल ही में कोलकाता के अनीश सरकार (Anish Sarkar) तीन साल, आठ महीने और 19 दिन की उम्र में FIDE रेटिंग हासिल करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए।
उन्हें FIDE रेटिंग में 1555 की प्रारंभिक रेटिंग मिली।

Q. 37: हाल ही में दिवंगत हुई शारदा सिन्हा का सम्बन्ध किससे है? Sharda Sinha, who died recently, is related to whom?
a. अभिनेत्री
b. लोक गायिका
c. चित्रकार
d. लेखक
Answer: b. लोक गायिका
हाल ही में बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा (Folk Singer Sharda Sinha) का निधन हो गया है
उन्हें 'बिहार की कोकिला' भी कहा जाता था
उन्होंने भोजपुरी, मैथिली और हिंदी लोक संगीत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है
शारदा सिन्हा को मिले प्रमुख पुरस्कार
1991 - पद्मश्री पुरस्कार
2006 - राष्ट्रीय अहिल्या देवी अवॉर्ड
2018 - पद्मभूषण पुरस्कार

Q. 38: हाल ही में विश्व के सबसे बड़े खाद्य और पेय उद्योग कार्यक्रम "गल्फहोस्ट 2024" का आयोजन कहाँ किया गया? Recently, where was the



world's largest food and beverage industry event "Gulfhost 2024" organized?

a. अबू धाबी

b. रियाद

c. दुबई

d. कुवैत सिटी

Answer: c. दुबई

दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर (Dubai World Trade Centre) में

Q. 39: हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने किस शिक्षा अधिनियम को संवैधानिक घोषित किया है? Recently, which education act has been declared constitutional by the Supreme Court?

a. राष्ट्रीय शिक्षा अधिनियम, 2020

b. शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009

c. UP मदरसा शिक्षा अधिनियम, 2004

d. केंद्रीय विद्यालय अधिनियम, 1965

Answer: c. UP मदरसा शिक्षा अधिनियम, 2004

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ (Chief Justice DY Chandrachud) की अध्यक्षता में तीन न्यायाधीशों की पीठ ने यह फैसला दिया

सर्वोच्च न्यायालय ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को रद्द कर दिया गया था

Q. 40: हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में किसे विजय मिली है? Who has won the recent US presidential election?

a. कमला हैरिस

b. डोनाल्ड ट्रम्प

c. विवेक मूर्ती

d. इनमें से कोई नहीं

Answer: b. डोनाल्ड ट्रम्प

Q. 41: हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के 7वें सत्र का आयोजन कहाँ किया गया? Recently, where was the 7th session of the International Solar Alliance held?

a. मुंबई

b. चेन्नई

c. नई दिल्ली

d. हैदराबाद

Answer: c. नई दिल्ली

हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (International Solar Alliance - ISA) के 7वें सत्र की शुरुआत भारत मंडपम, नई दिल्ली में की गई

ISA के 7वें सत्र में भारत को अध्यक्ष और फ्रांस को सह-अध्यक्ष के रूप में चुना गया

Q. 42: हाल ही में, आधिकारिक तौर पर "मेलुरी" को किस राज्य का 17वां जिला घोषित किया गया है? Recently, "Meluri" has been officially declared as the 17th district of which state?

a. मणिपुर

b. अरुणाचल प्रदेश

c. मेघालय

d. नागालैंड

Answer: d. नागालैंड

हाल ही में मेलुरी (Meluri) को आधिकारिक तौर पर नागालैंड का 17वां जिला घोषित किया गया है।

Q. 43: हाल ही में, भारत-वियतनाम द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास 'विनबैक्स 2024' के 5वें संस्करण की शुरुआत कहाँ की गई है? Recently, where has the 5th edition of India-Vietnam bilateral military exercise 'Winbacks 2024' been started?

a. उत्तर प्रदेश

b. राजस्थान

c. हरियाणा

d. पंजाब

Answer: c. हरियाणा

आयोजन - अंबाला, हरियाणा में

इसका समापन 23 नवंबर को अंबाला और चंडीमंदिर में आयोजित किया जाएगा

चंडीमंदिर, पंचकुला (हरियाणा) भारतीय सेना की पश्चिमी कमान का मुख्यालय (HQ of the Indian Army's Western Command) है।

Q. 44: हाल ही में 'शिल्प समागम मेला 2024' का आयोजन कहाँ किया गया? Recently, where was the 'Shilp Samagam Mela 2024' organized?

a. जयपुर

b. लखनऊ

c. मुंबई

d. नई दिल्ली

Answer: d. नई दिल्ली

हाल ही में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने दिल्ली हाट, नई दिल्ली में



'शिल्प समागम मेला 2024' (Shilp Samagam Mela 2024) का उद्घाटन किया।

इस दौरान 'रंग परिधान' कार्यक्रम ('Rang Paridhan' programme) में कारीगरों के उत्पादों से बनी पोशाक का प्रदर्शन किया गया।

Q. 45: हाल ही में अमरीका के 47वें राष्ट्रपति कौन बने हैं? Recently, who has become the 47th President of America?

a. जो बाइडेन

b. कमला हैरिस

c. डोनल्ड ट्रंप

d. रॉन डेसैंटिस

Answer: c. डोनल्ड ट्रंप

हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव (US Presidential Election) में रिपब्लिकन पार्टी (Republican Party) के उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (Donald Trump) ने डेमोक्रेट कमला हैरिस (Kamala Harris) को हराकर जीत हासिल की है

Q. 46: हाल ही में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 15 दिवसीय जल उत्सव का शुभारंभ किसने किया? Recently, who launched the 15-day Jal Utsav to raise awareness about water conservation?

a. केंद्रीय जल आयोग

b. नीति आयोग

c. केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय

d. ग्रामीण विकास मंत्रालय

Answer: b. नीति आयोग

जल उत्सव का आयोजन 20 राज्यों के 20 महत्वाकांक्षी जिलों/ब्लॉकों में किया जायेगा

उद्देश्य: जल प्रबंधन, संरक्षण और सतत विकास (Water Management, Conservation And Sustainability) के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता पैदा करना

Q. 47: हाल ही में मध्य प्रदेश में राज्य सरकार की नौकरियों में महिलाओं के लिए आरक्षण 33% से बढ़ाकर कितने प्रतिशत किया गया? Recently, the reservation for women in state government jobs in Madhya Pradesh has been increased from 33% to what percentage?

a. 30% b. 33%

c. 35% d. 40%

Answer: c. 35%

हाल ही में मध्य प्रदेश में राज्य सरकार की नौकरियों में महिलाओं के लिए आरक्षण (reservation) 33% से बढ़ाकर 35% कर दिया गया है।

यह आरक्षण अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) और अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) सहित सभी श्रेणियों पर लागू होगा।

इसके तहत हर श्रेणी के लिए निर्धारित आरक्षित पदों में से 35 फीसदी पद उसी वर्ग की महिला उम्मीदवारों को मिलेंगे।

Q. 48: हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए किस योजना को मंजूरी दी है? Recently, which scheme has been approved by the Union Cabinet to provide financial assistance to meritorious students?

a. पीएम कौशल विकास योजना

b. पीएम विद्यालक्ष्मी योजना

c. शिक्षा सहायता योजना

d. राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना

Answer: b. पीएम विद्यालक्ष्मी योजना

हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 3,600 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पीएम विद्यालक्ष्मी योजना (PM Vidyalaxmi scheme) को मंजूरी दी है

इसके तहत जमानत-मुक्त (Collateral-free) और गारंटर-मुक्त (guarantor-free) शिक्षा ऋण से मेधावी छात्रों की उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ेगी

उद्देश्य: मध्यम वर्गीय मेधावी छात्रों के लिए उच्च शिक्षा (Higher Education) प्राप्त करने में वित्तीय बाधाओं (Financial Constraints) को दूर करना

Q. 49: हाल ही में केन्द्रीय हिंदी समिति की 32वीं बैठक कहाँ आयोजित की गई? Recently, where was the 32nd meeting of the Kendriya Hindi Samiti held?

a. मुंबई

b. चेन्नई

c. नई दिल्ली

d. अहमदाबाद

Answer: c. नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह (Union Home Minister and Minister of Cooperation Amit Shah) ने बैठक की अध्यक्षता की



उद्देश्य: हिंदी के साहित्य का संवर्धन और हिंदी को देश की संपर्क भाषा के रूप में स्थापित करना

Q. 50: हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन की नई "ग्लोबल ट्यूबरकुलोसिस रिपोर्ट 2024" के अनुसार टीबी रोगियों के मामले में शीर्ष स्थान पर कौन सा देश है? Recently, according to the World Health Organization's new "Global Tuberculosis Report 2024", which country is at the top in terms of TB patients?

a. भारत

b. चीन

c. पाकिस्तान

d. रूस

Answer: a. भारत

हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization') की नई "ग्लोबल ट्यूबरकुलोसिस रिपोर्ट 2024" (Global Tuberculosis Report 2024) के अनुसार 2023 में 82 लाख लोग TB से संक्रमित हुए जो 1995 में निगरानी शुरू होने के बाद से सबसे ज्यादा हैं

भारत 26% टीबी रोगियों के मामलों में शीर्ष स्थान पर है

लक्ष्य: 2025 तक टीबी उन्मूलन (TB eradication)

Q. 51: हाल ही में दुनिया के सबसे बड़े मगरमच्छ कैसियर की मृत्यु कहाँ हुई है? Recently, where has the world's largest crocodile Cassier died?

a. भारत **b. थाईलैंड**

c. ऑस्ट्रेलिया **d. मलेशिया**

Answer: c. ऑस्ट्रेलिया

हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में दुनिया के सबसे बड़े मगरमच्छ कैसियर (Cassier) की मृत्यु हो गयी

उसकी लम्बाई 5.48 मीटर (18 फीट) और उम्र 110 वर्ष थी

उसके नाम कैद में दुनिया के सबसे बड़े मगरमच्छ के रूप में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स (Guinness World Records) का खिताब था

Q. 52: हाल ही में विश्व बॉक्सिंग फेडरेशन का 2024 सुपर फेदरवेट विश्व खिताब किसने जीता? Recently, who won the 2024 Super Featherweight World Title of the World Boxing Federation?

a. विजेंद्र सिंह **b. मंदीप जांगड़ा**

c. नीरज गौतम **d. शिव थापा**

Answer: b. मंदीप जांगड़ा

हाल ही में भारतीय मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा ने विश्व बॉक्सिंग फेडरेशन का 2024 सुपर फेदरवेट विश्व खिताब (Super Featherweight World Title) जीता

मनदीप किसी भी प्रो–बॉक्सिंग इवेंट श्रेणी (Pro-Boxing Event Category) में विश्व चैंपियन बनने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए हैं।

मंदीप जांगड़ा 2021 में पेशेवर मुक्केबाज (Professional boxer) बन गए थे

उन्हें 2015 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था

Q. 53: 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में किस भारतीय सिनेमा कलाकार की जन्म-शताब्दी मनाई जाएगी? The birth centenary of which Indian cinema artist will be celebrated at the 55th International Film Festival of India?

a. तपन सिन्हा

b. राज कपूर

c. अक्किनेनी नागेश्वर राव

d. मोहम्मद रफी

e. उपरोक्त सभी

Answer: e. उपरोक्त सभी

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (International Film Festival of India - IFFI) के 55वें संस्करण में भारतीय सिनेमा के चार कलाकारों की जन्म-शताब्दी (Centenary) मनाई जाएगी

55वें IFFI में राज कपूर, तपन सिन्हा, अक्किनेनी नागेश्वर राव (ANR) और मोहम्मद रफी की विरासत को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

इन सभी कलाकारों का जन्म 1924 में हुआ था

Q. 54: हाल ही में कौन सा शहर सतत विकास के लिए संयुक्त राष्ट्र-शंघाई वैश्विक पुरस्कार जीतने वाला पहला भारतीय शहर बना है? Recently, which city has become the first Indian city to win the UN-Shanghai Global Award for Sustainable Development?

a. तिरुवनंतपुरम

b. बेंगलुरु

c. जयपुर

d. मुंबई

Answer: a. तिरुवनंतपुरम

हाल ही में, तिरुवनंतपुरम (Thiruvananthapuram) को सतत विकास के लिए यूएन-शंघाई वैश्विक पुरस्कार



(UN-Shanghai Global Award for sustainable development) से सम्मानित किया गया है

तिरुवनंतपुरम यह सम्मान पाने वाला भारत का पहला शहर है

इस पुरस्कार के लिए कुल पाँच वैश्विक शहरों (global cities) को चुना गया।

इस वर्ष पुरस्कार जीतने वाले अन्य शहर हैं:

अगादीर, मोरक्को (Agadir, Morocco)

मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया (Melbourne, Australia)

दोहा, कतर (Doha, Qatar) और

इज़्तापलापा, मेक्सिको (Iztapalapa, Mexico)

Q. 55: हाल ही में UNEP की तेल और गैस मीथेन भागीदारी (OGMP) 2.0 में शामिल होने वाली पहली भारतीय कंपनी कौन सी बनी है? Recently, which has become the first Indian company to join UNEP's Oil & Gas Methane Partnership (OGMP) 2.0?

a. ओएनजीसी

b. रिलायंस इंडस्ट्रीज

c. केयर्न ऑयल एंड गैस

d. इंडियन ऑयल

Answer: c. केयर्न ऑयल एंड गैस

हाल ही में केयर्न ऑयल एंड गैस, वेदांता समूह (Cairn Oil & Gas) ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (United Nations Environment Programme - UNEP) की प्रमुख मीथेन रिपोर्टिंग और शमन पहल ऑयल एंड गैस मीथेन पार्टनरशिप 2.0 (Oil & Gas Methane Partnership (OGMP) 2.0) के साथ एक समझौता किया है

इसके तहत केयर्न ऑयल एंड गैस 5 साल का मीथेन कटौती लक्ष्य स्थापित करेगा और पारदर्शी रूप से ओजीएमपी को अपनी प्रगति रिपोर्ट करेगा।

Q. 56: हाल ही में अमेरिका में व्हाइट हाउस की पहली महिला चीफ़-ऑफ़-स्टाफ़ कौन बनी हैं? Recently, who has become the first female Chief of Staff of the White House in America?

a. सूसी विल्स

b. जेन साकी

c. कामला हैरिस

d. नैन्सी पेलोसी

Answer: a. सूसी विल्स

हाल ही में अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (President Donald Trump) ने चुनावी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली सूसी समरॉल विल्स (Susie Summerall Wills) को व्हाइट हाउस (White House) का चीफ ऑफ स्टाफ (Chief of Staff) नियुक्त किया है।

वह व्हाइट हाउस की पहली महिला चीफ ऑफ स्टाफ हैं।

Q. 57: हाल ही में कौन सा राज्य समर्पित सेमीकंडक्टर नीति लागू करने वाला भारत का पहला राज्य बना है? Recently, which state has become the first state in India to implement a dedicated semiconductor policy?

a. महाराष्ट्र

b. कर्नाटक

c. गुजरात

d. तमिलनाडु

Answer: c. गुजरात

हाल ही में गुजरात सरकार ने देश में पहली 'गुजरात सेमीकंडक्टर पॉलिसी 2022-27' (Gujarat Semiconductor Policy 2022-27) लॉन्च की है।

उद्देश्य: गुजरात में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना

Q. 58: हाल ही में किस देश ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया का उपयोग प्रतिबंधित करने का कानून बनाने की घोषणा की है? Recently, which country has banned social media for children below 16 years of age?

a. अमेरिका

b. ब्रिटेन

c. ऑस्ट्रेलिया

d. कनाडा

Answer: c. ऑस्ट्रेलिया

हाल ही में ऑस्ट्रेलिया सरकार (Australia Government) ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिये सोशल मीडिया (Social media) का उपयोग प्रतिबंधित (ban) करने की घोषणा की है

उद्देश्य: सोशल मीडिया से बच्चों को होने वाले स्वस्थ्य और मानसिक नुकसान को कम करना

Q. 59: हाल ही में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस 2024 कब मनाया गया? Recently, when was National Cancer Awareness Day 2024 celebrated?

a. 1 नवंबर b. 5 नवंबर

c. 7 नवंबर d. 10 नवंबर



Answer: c. 7 नवंबर

भारत में प्रत्येक वर्ष 7 नवंबर को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस (National Cancer Awareness Day) के रूप में मनाया जाता है

उद्देश्य: देश में कैंसर के बढ़ते मामलों के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को शीघ्र पहचान, रोकथाम और उपचार के लिए उचित कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करना

Q. 60: हाल ही में संजय वर्मा को किस राज्य का नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया है? Recently, Sanjay Verma has been appointed as the new Director General of Police of which state?

a. उत्तर प्रदेश

b. महाराष्ट्र

c. राजस्थान

d. गुजरात

Answer: b. महाराष्ट्र

हाल ही में संजय वर्मा को महाराष्ट्र का नया पुलिस महानिदेशक (Director General of police - DGP) नियुक्त किया गया है

उन्होंने महाराष्ट्र की पहली महिला DGP रश्मि शुक्ला की जगह ली

Q. 61: हाल ही में चर्चा में रही 'अस्मी' का सम्बन्ध किससे है? 'Asmi', which was in the news recently, is related to what?

a. लड़ाकू विमान

b. पनडुब्बी

c. मशीन पिस्तौल

d. टैंक

Answer: c. मशीन पिस्तौल

हाल ही में, भारतीय सेना (Indian Army) की उत्तरी कमान (Northern Command) ने स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित 550 'अस्मी' मशीन पिस्तौल (550 'Asmi' machine pistols) को शामिल किया।

इसका निर्माण हैदराबाद की लोकेश मशीन कंपनी (Lokesh Machine Company) कर रही है। इसे खासतौर पर करीबी लड़ाई और विशेष अभियानों के लिए डिजाइन किया गया है।

Q. 62: हाल ही में किस देश ने दुनिया के पहले लकड़ी के उपग्रह 'लिग्नोसैट' को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया? Recently, which country successfully launched the world's first wooden satellite 'LignoSat' into space?

a. भारत

b. अमेरिका

c. रूस

d. जापान

Answer: d. जापान

हाल ही में जापान (Japan) ने दुनिया के पहले लकड़ी के उपग्रह 'लिग्नोसैट' (LignoSat satellite) को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक प्रक्षेपित (launch) किया

Q. 63: भारत के पहले कॉमर्शियल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एनेबल्ड सेमीकंडक्टर फैब का निर्माण कहाँ किया जाएगा? Where will India's first commercial artificial intelligence-enabled semiconductor fab be built?

a. महाराष्ट्र

b. तमिलनाडु

c. कर्नाटक

d. गुजरात

Answer: d. गुजरात

भारत के प्रथम कॉमर्शियल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एनेबल्ड सेमीकंडक्टर फैब (Commercial Artificial Intelligence-Enabled Semiconductor Fab) का निर्माण धोलेरा सेमीकोन सिटी, गुजरात में किया जायेगा

लागत - लगभग 91,000 करोड़ रुपये

इसका निर्माण टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (Tata Electronics Private Limited) तथा ताइवान (Taiwan) की कंपनी PSMC द्वारा किया जाएगा

इस प्लांट से 60 लाख चिप का उत्पादन किया जाएगा

Q. 64: हाल ही में तीसरे रोहिणी नैय्यर पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया? Recently, who was awarded the third Rohini Nayyar Award?

a. दीनानाथ राजपूत

b. अनिल प्रधान

c. सुमन गुप्ता

d. दीनानाथ राजपूत

Answer: b. अनिल प्रधान

हाल ही में ओडिशा के सामाजिक कार्यकर्ता अनिल प्रधान को तीसरे रोहिणी नैय्यर पुरस्कार (Rohini Nayyar Award) से सम्मानित किया गया



उन्हें यह पुरस्कार ग्रामीण क्षेत्रों में STEM यानी साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथमेटिक्स (Science, Technology, Engineering, and Mathematics) की एजुकेशन में बेहतरीन योगदान के लिए दिया गया

रोहिणी नैय्यर पुरस्कार की स्थापना प्रख्यात अर्थशास्त्री रोहिणी नैय्यर (Economist Rohini Nayyar) की स्मृति में गठित रोहिणी नैय्यर फाउंडेशन ने की है।

इस पुरस्कार में 10 लाख रुपए का नकद पुरस्कार, एक प्रशस्ति पत्र (Citation) और ट्रॉफी (Trophy) दी जाती है।

Q. 65: हाल ही में कौन सा अस्पताल सीएआर-टी थैरेपी से ब्लड कैंसर का उपचार करने वाला देश का पहला सरकारी अस्पताल बना है? Recently, which hospital has become the first government hospital in the country to treat blood cancer with CAR-T therapy?

a. सफदरजंग अस्पताल, दिल्ली

b. पीजीआई, चंडीगढ़

c. महाराजा यशवंतराव अस्पताल, इंदौर

d. किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ

Answer: c. महाराजा यशवंतराव अस्पताल, इंदौर

हाल ही में महाराजा यशवंतराव अस्पताल, इंदौर (मध्य प्रदेश) सीएआर-टी थैरेपी (CAR-T therapy) से ब्लड कैंसर (Blood cancer) का उपचार करने वाला देश का पहला सरकारी अस्पताल बन गया है

इस चिकित्सा प्रक्रिया को संयुक्त रूप से IIT मुंबई और टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल (IIT Mumbai and Tata Memorial Hospital) द्वारा विकसित किया गया है।

Q. 66: लगातार दो टी 20 इंटरनेशनल मैचों में शतक लगाने वाले पहले भारतीय खिलाडी कौन बने हैं? Who has become the first Indian player to score centuries in two consecutive T20 International matches?

a. सूर्यकुमार यादव

b. अभिषेक शर्मा

c. हार्दिक पांड्या

d. संजू सैमसन

Answer: d. संजू सैमसन

पहला हैदराबाद में बांग्लादेश के खिलाफ

दूसरा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 47 गेंदों में शतक बनाया

For pdf,
Join telegram Channel
rwacurrentaffairs